शराब के नशे में धुत युवक ने खुद को लगाई आग, मौत

गोरखपुर, १२ नवम्बर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल एकला नंबर दो, टोला बेनीगंज में बुधवार रात शराब के नशे में युवक को खुद को आग लगा लिया। कमरे से आग और धुंआ निकला दिखकर पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर अग्निशमन दल के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे में लगी आग बुझाई तो वहां आग से झुलस कर मृत पड़े युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान पुलिस ने अरविन्द निषाद (२३) पुत्र जमुना निषाद के रुप में किया है। आगजनी में युवक की मौत की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य एकत्र किये जाने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लगने से 23 वर्षीय की शराब के नशे में आग लगा कर आत्महाया कर लिया। उस समय घर पर कोई नहीं था। धूआं निकलते देख आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची तब तक



सबकुछ जल कर खाक हो गया था। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलन किया। घटना के संबंध में मृतक के पिता जमुना निषाद ने पुलिस को बताया कि अरविन्द दो भाइयों में छोटा था। बुधवार शाम खेत में पानी चलाकर घर वापस आया था,कुछ देर बाद वह घर से निकला फिर शराब के नशे में वापस घर आया और अपने कमरे में चला गिया। उन्होंने बताया कि वह जिस घर में घटना हुई वहां अरविन्द अकेला रही रहता था, पत्नी दो दिन पूर्व ही अपने मायके गई थी। उन्होंने आशंका जताई कि शराब के नशे में ही बेटे ने मोमबत्ती से आग लगी होगी। इस संबंध में सीओ गोरखनाथ रविकुमार सिंह ने बताया कि पारिवारिक कलह में खुदकुशी की बात कही जा रही है। फॉरेंसिक साक्ष्य और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

खुटे से बंधी गाय चोरी

गोरखपुर, १२ नवम्बर। खोराबार थानाक्षेत्र के रामपुर (रा) में बुधवार की रात खुंटे से बंधी एक गाय को चोरों ने चुरा ले गए। मोतीराम अड्डा प्रतिनिधि से मिली जानकारी अनुसार ध्रुवचन यादव निवासी रामपुर (रा) की लगभग एक लाख कीमत की खुटें से बंधी गाय को चोरों ने चुरा ले गए यादव ने बताया कि गाय के बगल में सोये हुए थे दो चोर जब उनके पास आए तो सीधे स्प्रे से उनके ऊपर छिड़काव कर दिए और वह बेहोश हो गए। जब कुछ घंटों के बाद होश आया तो उन्होंने देखा कि उनकी खुटे से बंधी गाय चोरी हो गई थी।

सड़क के किनारे मृत मिला वृद्ध

गोरखपुर, १२ नवम्बर। बांसगांव थाना क्षेत्र के सांवर गांव के पास करीब 5:30 बजे शाम को सड़क के किनारे खेत में एक 64 वर्षीय वृद्ध अचेत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस और पुलिस की टीम ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसगांव पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बांसगांव प्रतिनिधि के अनुसार मृतक की पहचान निरंजन लाल पुत्र विंध्याचल, उम्र लगभग 64 वर्ष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक सड़क किनारे खेत में गिर पड़े। आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने उन्हें होश में लाने के लिए चेहरे पर पानी भी डाला, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इसके बाद तत्काल एंबुलेंस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने व्यक्ति के पर्स से आधार कार्ड बरामद किया, जिस पर उनका पता जहांगीरपुरी, दिल्ली दर्ज था। इसी बीच उनके मोबाइल फोन पर आए एक कॉल के माध्यम से एम्बुलेंस टीम व पुलिस को जानकारी मिली कि उनका पैतृक निवास माल्हनपार के पास ग्राम भिटहा पांडेय (चईतरा) बताया जा रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि उन्हे एक व्यक्ति के जमानती कागजातों के सत्यापन के लिए बांसगांव थाने पर बुलाया गया था, जहां से घर वापसी के दौरान इस घटना के शिकार हो गये। पुलिस द्वारा परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक परिवार का कोई सदस्य मौके पर नहीं पहुंचा था। फिलहाल व्यक्ति की अचानक मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो सकेगा।

बैठक आज

गोरखपुर, १२ नवम्बर। जिला जनगणना अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने बताया है कि भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण को सकुषल, त्रुटिरहित, समयबद्ध एवं मानकीकृत रूप से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 13 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से एनेक्सी भवन सभागार में बैठक आहूत है।

दिव्यांगजनों को मिले सहायक उपकरण

गोरखपुर, १२ नवम्बर। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद एवं दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को खजनी क्षेत्र के भैंसाबाजार स्थित बदरा ग्राम में सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीआरसी एवं एलिम्को गोरखपुर के संयुक्त तत्वावधान में तथा गुरुकृपा संस्थान के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व में परीक्षण एवं चयनित दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न आधुनिक सहायक उपकरण वितरित किए गए। उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम के संयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री बृजेश राम त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना को साकार करते हुए समाज के वंचित, जरूरतमंद एवं दिव्यांग वर्ग को सम्मान, सुविधा और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। डॉ. कंचन चौधरी के दिशा-निर्देशन एवं ज्ञानदीप के सहयोग से प्रधानमंत्री दिव्याशा एवं वयोश्री केंद्र तथा सीआरसी गोरखपुर के माध्यम से चयनित लाभार्थियों को व्हीलचेयर, ट्राईपॉड, टेट्रापॉड, ट्राइसाइकिल, बैसाखी, कमर बेल्ट, घुटना बेल्ट, छड़ी, कान की मशीन, सिलिकॉन कुशन एवं कन्वेंशनल सहित विभिन्न प्रकार के आधुनिक सहायक उपकरण वितरित किए गए।



कुश्ती दंगल में हरिओम बने जिला केसरी

गोरखपुर, १२ नवम्बर। गगहा क्षेत्र के मामखोर के दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित 37वीं वार्षिक गोरखपुर जिला केसरी, कुमार एवं वीर अभिमन्यु कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें पहलवानों ने अपने दांव-पेच और दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। प्वाइंट के आधार पर मैट कुश्ती में चतुर्वनदुआरी के हरिओम जिला केसरी चुने गये। जबकि वीर अभिमन्यु का खिताब विवेक पहलवान तथा जिला कुमार का खिताब आदित्य यादव को चुना गया। पहलवानों के बीच अलग-अलग भार वर्गों में कुल 44 जोड़ कुश्ती मुकाबले हुआ। जिला कुमार वर्ग में आदित्य यादव, कृष्णा नगर को प्रथम तथा राजवीर यादव, कौड़ीराम को द्वितीय स्थान मिला। वीर अभिमन्यु वर्ग में विवेक पहलवान प्रथम और जितेंद्र यादव डेरवा को द्वितीय स्थान मिला। जिला केसरी वर्ग में हरिओम पहलवान, चतुर्वनदुवारी ने वर्तमान जिला केसरी खजनी के आकाश को शिकस्त देकर जिला केसरी बने। मुख्य अतिथि नन्हे दुबे ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कुश्ती केवल एक खेल नहीं, बल्कि ग्रामीण सभ्यता, संस्कृति और परंपरा की अमूल्य धरोहर है। इसे संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के संरक्षक भाजपा नेता, जिला पंचायत सदस्य एवं अंतरराष्ट्रीय पहलवान मायाशंकर शुक्ल ने कहा कि गांवों के अखाड़ों से निकले पहलवान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। पारंपरिक कुश्ती कला को केवल संजोकर रखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसे अखाड़ों में प्रदर्शित करने, नई पीढ़ी तक पहुंचाने और युवाओं को अखाड़ों से जोड़ने की भी जरूरत है। आयोजक एवं राष्ट्रीय पहलवान नितेश शुक्ल ने अतिथियों और पहलवानों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में ओमप्रकाश यादव, नितेश सिंह, गोविन्द यादव और कमलेश सिंह रेफरी रहे। उमेश राय, शैलेश यादव और पवन सिंह ने उद्घोषक रहे। इस अवसर पर कृष्ण मुरारी शुक्ल, बृजेश शुक्ल, शिवम द्विवेदी, शशांक शुक्ल, बृजेश यादव, छोटू शुक्ल, अतुल शुक्ल, अजय शुक्ल, सत्येंद्र दुबे, गिरीश शुक्ल, आधाराम यादव मौजूद थे।

छठ घाटों का एसडीएम मनीष कुमार ने किया निरीक्षण, लिया जायजा

गोरखपुर, १२ नवम्बर। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उपजिलाधिकारी गोला मनीष कुमार ने नगर पंचायत गोला बाजार के वार्ड संख्या 18 व 17 स्थित सरयू नदी के छठ घाट सहित विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। गोलाबाजार प्रतिनिधि के अनुसार इस दौरान उन्होंने घाटों पर चल रही तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं के आने-जाने के रास्ते, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि छठ महापर्व के दौरान व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नदी में गहरे पानी वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन को निर्देशित किया कि पर्व से पहले सभी घाटों की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था पूरी कर ली जाए। साथ ही घाटों पर भीड़ को देखते हुए आवागमन की व्यवस्था भी सुचारु रखी जाए, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्ण ढंग से भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर सकें इस दौरान सभासद प्रतिनिधि डॉ. राजेश, सभासद श्रवण कुमार वर्मा, तहसील प्रशासन और नगर पंचायत प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे।

उपनिदेशक पंचायत ने किया दो ग्राम पंचायतों का निरीक्षण

गोरखपुर, १२ नवम्बर। छठ घाट के साफ-सफाई तैयारी के स्थिति देखने के लिए उप निदेशक पंचायत गोरखपुर मण्डल गोरखपुर हिमांशु शेखर ठाकुर के द्वारा जनपद गोरखपुर के दो ग्राम पंचायत का औचक निरिक्षण किया गया विकास खंड पिपरौली के ग्राम पंचायत खानीमपुर, एवं विकास खंड खजनी का ग्राम कटघर निरिक्षण के समय दोनों जगह सफाई कर्मी के द्वारा घाट का साफ सफाई का कार्य किया जा रहा था, ग्राम पंचायत सचिव और सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निम्न निर्देशित किया गया की जहाँ जहाँ भी छठ घाट है वहां पर साफ सफाई का कार्य करा लिया जाये हर छठ घाट पर उचित प्रकाश व्यवस्था हो हर छठ घाट पर सीठीयों को बना लिया जाये अगर सिठी नहीं है तो कच्ची ही सिठी का निर्माण करा लिया जाये कोई भी श्रद्धालु डूबे ना उसके लिए पोखर के किनारे बास के बैरिकेटिंग बनाया जाए या तो रस्सी के माध्यम से चिन्हकान किया जाए।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम रामा से बदल कर रामा राजभर रख लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **रामा राजभर** पुत्र रामधूप, ग्राम रघुनाथपुर, पोस्ट मुजडिहा, जिला कुशीनगर, 274149.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम रामायन गौड़ (RAMAYAN GAUR) दर्ज हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण है। जबकि आधारकार्ड, पैनकार्ड व पासपोर्ट के अनुसार मेरे पिता का सही नाम रामायन (RAMAYAN) है। अब उन्हें इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **अमित कुमार गौड़** पुत्र रामायन, ग्राम पकड़पुरा, पोस्ट बकसूड़ी, जिला गोरखपुर, 273413.

सूचना-मैं रघुवंश पति त्रिपाठी, क्रमांक-17036034X रैंक-CFN नाम-अम्बरीष त्रिपाठी का कानूनी पिता हूं। वर्तमान में मेरा निवास ग्राम व पोस्ट-लखिमा परतावल बाजार, जिला-महराजगंज, राज्य-उत्तर प्रदेश, पिन-273301 है, मेरा नाम RAGHUVASH PATI TRIPATHI (रघुवाश पति त्रिपाठी) से रघुवंश पति त्रिपाठी नोटरी न. SOAA816090 दिनांक 02-11-2026 के आधार पर होना है। समक्ष जिला न्यायालय महराजगंज।

अदालती नोटिस

(बदस्त अवाम फरोख्त के लिए)
इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट बावत इत्तिला
(तारीख मुकर्रर समाअत अपील)
बअदालत-अपर आयुक्त (न्यायिक) प्रथम, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर
अपील सं. C-202505000001807
कृष्णमुरारी बनाम रणजीत आदि

बनाम-1. रणजीत पुत्र स्व. रामबिहारी निवासी मौजा-हरिहर सियर खुर्द हाल पता डिहुलापार, तप्पा नर्रे, परगना धुरियापार, तहसील बांसगाव, जनपद-गोरखपुर। **प्रतिवादी प्रथम पक्ष,** 1.विद्यासागर, 2. दयाशंकर, 3. सुरेश, 4. विजय प्रताप पुत्रगण रामबिहारी, निवासीगण मौजा-डिहुलापार, तप्पा नर्रे, परगना धुरियापार, तहसील बांसगाव, जनपद-गोरखपुर। **प्रतिवादीगण द्वितीय पक्ष,** 6. सत्यम ना., 7. शिवम ना. पुत्रगण सुरेन्द्र प्रसाद, संरक्षिका माता रीना देवी, 8. श्रीमती रीना देवी पत्नी सुरेन्द्र प्रसाद, निवासीगण मौजा- पता डिहुलापार, तप्पा नर्रे, परगना धुरियापार, तहसील बांसगाव, जनपद-गोरखपुर। **प्रतिवादीगण तृतीय पक्ष,** 9. ग्राम पंचायत डिहुलापार, तप्पा नर्रे, परगना धुरियापार, तहसील बांसगाव, जनपद-गोरखपुर जरिये ग्राम प्रधान। **प्रतिवादी चतुर्थ पक्ष,**

इत्तिला हो कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमे में मुसम्मी ने तारीख 19 महीना 11 सन् 2026ई. को समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर खुद आपके वकील या और कोई सख्श जो कानूनन आपकी तरफ से अपीलहाजा सवाल जवाब करने की मरजी रखता हो हाजिर न हो जायेगा तो उसकी समाअत और तजबीज आपकी गैरहाजिरी में एकतरफा की जायेगी।

आज तारीख 05 महीना 11 सन् 2026ई. को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के हवाले किया गया।

ह. अपर आयुक्त (न्यायिक), प्रथम गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

सूचना-सूचित किया जाता है कि सेवा संख्या 5762742के, रैंक आरएफएन, नॉक केशरी घरती झेड़ी मगर पत्नी अनिल झेंडी मगर निवासी ग्राम-नरम, पोस्ट-रुकुवा, जिला-नवलपरासी आंचल लुंबिनी (नेपाल) मेरे पति के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम त्रुटिवश **'केशरी घरती झेडी मगर'** दर्ज कर दिया गया है, जो गलत है। मेरा सही नाम **'केशरी घरती झेंडी मगर'** है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम **'केशरी घरती झेंडी मगर'** पत्नी अनिल झेंडी मगर के नाम से जाना और पहचाना जाय।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र असलम अहमद पुत्र स्व. मुमताज अहमद के गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल एवं अचल, निजी तथा स्वअर्जित सम्पत्तियों से पूर्णत: बेदखल करती हूं। उसके किसी कृत्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **शायरा बानो** पत्नी स्व. मुमताज अहमद, निवासी-रसूलपुर, अजयनगर, भट्ठा पीपल के पेड़ के पास, थाना-गोरखनाथ, जिला-गोरखपुर।

सूचना-सूचित किया जाता है कि स्कंद पाण्डेय ने ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर स्थित **आम्रपाली ड्रीम वैली-2** में प्लॉट यूनिट नंबर C3-0803 की बुकिंग दिनांक 28 मार्च 2010 को कराई थी। उक्त प्लॉट से संबंधित बिल्डर-बायर एग्रीमेंट की मूल प्रति कहीं खो गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त एग्रीमेंट या उससे संबंधित कोई दस्तावेज प्राप्त होता है, तो कृपया नीचे दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सूचित करें। **स्कंद पाण्डेय** पुत्र सुरेश कुमार पांडेय, ज्योति निकेतन भीखमपुर रोड देवरिया। मोबाइल नंबर 9451614062।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्रीमती किसमती पत्नी महेन्द्र सा. चेतिया, तप्पा-कोड़री, परगना बांसी पूरब, तहसील-बांसी, जिला-सिद्धार्थनगर की निवासिनी है। जिसने मौजा-उड़वलिया तप्पा कोड़री, परगना-बांसी पूरब, तहसील-बांसी, जिला-सिद्धार्थनगर में स्थित गाटा संख्या 424/0.282 है., अपना हक व हिस्सा कुल 1266 वर्गमीटर को दिनांक 20-02-2020 को बही नं.-1, जिल्द सं.-4791 पेज नं.-1 से 24 क्रमांक 804 पर सब रजिस्ट्रार बांसी (सिद्धार्थनगर) में पंजीकृत है। क्रय किया है। जिसका मूल दस्तावेज वास्तव में खो गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन से 7 दिनों के अन्दर कर सकता है। **श्रीप्रकाश सिन्हा एडवोकेट,** दीवानी कचहरी, गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम RAMNIWAS CHAUTHI RAZAK से बदलकर RAMNIWAS RAZAK कर लिया है।मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **RAMNIWAS RAZAK** पुत्र CHAUTHI निवासी ग्राम पंडितगवां पोस्ट व थाना गगहा, जिला गोरखपुर 273411

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद साजिद (MOHAMMAD SAJID) बदलकर मोहम्मद साजिद बरकतुल्लाह (MOHAMMAD SAJID BARKATULLAH) रख किया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मोहम्मद साजिद बरकतुल्लाह** पुत्र बरकतुल्लाह निवासी ग्राम पचपेड़वा पोस्ट रेहरा कला थाना कठेला समय माता जिला सिद्धार्थनगर 272192

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अब्दुल हमीद से बदलकर अब्दुल हमीद इन्सान अली खान रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अब्दुल हमीद इन्सान अली खान** पुत्र इन्सान अली निवासी ग्राम कोडरा ग्रांट टोला पिपरिया पोस्ट कोंडराग्रांट थाना सिद्धार्थनगर जिला सिद्धार्थनगर 272207

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शशिनाथ उपाध्याय तथा पैन कार्ड में शशि नाथ उपाध्याय दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये। **शशिनाथ उपाध्याय** उर्फ **शशि नाथ उपाध्याय** पुत्र स्वर्गीय अवध नरायण उपाध्याय, 759डी. जंगल तुलसीराम बिछिया, सर्वोदय नगर हनुमान मंदिर वार्ड नं.-22, मरहा गोकुली, गोरखपुर (उ.प्र.)-273014

IS15700:2018 सेवोत्तम प्रमाणित भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700

सम्पत्ति प्रबन्धक कार्यालय
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद
सूरजकुण्ड, बी-60, गोरखपुर

पत्रांक- /स.प्र./गोरखपुर दिनांक:....

सर्वसाधारण को सूचना

उ0प्र0 आवास एंव विकास परिषद की सूरजकुण्ड योजना गोरखपुर में दुर्बल आय वर्ग भवन संख्या डी-132 श्री शिव नारायण प्रसाद पुत्र पोखे लाल को आवंटन पत्र सं0 14201 दिनांक 28.08.1978 द्वारा किश्त पद्धति पर आवंटित है। श्री संतोष कुमार व श्री संजीव कुमार बरनवाल पुत्रगण स्व. शिव नारायण प्रसाद के द्वारा जनहित पोर्टल पर आनलाइन आवेदन सं. MU202608 1319303866 दिनांक 14.08.2026 को आवेदन करते हुए अवगत कराया गया है कि श्री शिव नारायण प्रसाद की मृत्यु दिनांक 27.09.1999 एवं श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व. शिव नारायण प्रसाद की मृत्यु दिनांक 16.11.2015 को हो गई है। अन्य पारिवारिक सदस्य श्रीमती दीपा अश्वनी, श्रीमती रेखा बरनवाल, श्रीमती पूनम अशोक बरनवाल व श्रीमती मधु (पुत्रीगण) द्वारा उक्त भवन का नामान्तरण श्री संतोष कुमार व श्री संजीव कुमार बरनवाल के पक्ष में किए जाने हेतु अपना अनापत्ति शपथ पत्र दिया गया है। श्री संतोष कुमार व श्री संजीव कुमार बरनवाल द्वारा दिनांक 29.10.2026 को रू0 10.00 के स्टैम्प पेपर पर इस आशय का शपथ पत्र दिया गया है कि श्री शिव नारायण प्रसाद व शिव नारायण प्रसाद बरनवाल दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है एवं अपने पक्ष में मृत्योपरान्त नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि सन्दर्भित वर्ग भवन संख्या डी-132 को मृत्योपरान्त नामांतरण किये जाने के सम्बन्ध में यदि किसी हितब) व्यक्ति अथवा ऋण देने वाली संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में विज्ञप्ति प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति दाखिल करें, अन्यथा उक्त अवधि के बाद भवन संख्या डी-132 के नामान्तरण की कार्यवाही श्री संतोष कुमार व श्री संजीव कुमार बरनवाल पुत्रगण स्व. शिव नारायण प्रसाद के पक्ष में कर दी जायेगी। इसके पश्चात किसी प्रकार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा। नामान्तरण के उपरान्त यदि कोई वाद-विवाद उत्पन्न होता है तो इसके लिए परिषद उत्तरदायी नही होगी। नामान्तरण हेतु श्री संतोष कुमार व श्री संजीव कुमार बरनवाल पुत्रगण स्व. शिव नारायण प्रसाद उत्तरदायी होंगे। सम्पत्ति प्रबन्धक

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD ZAWED SIDDIQI से बदलकर JAVED ALI रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **JAVED ALI S/O SHAHID** ALI निवासी वाल्मिकी नगर वार्ड नं 6, पोस्ट पडरौना, जिला कुशीनगर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे एल.आई.सी. के पॉलिसी संख्या 291596465 में मेरा नाम ब्रजेन्द्र कुमार सिंह दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधारकार्ड व पैनकार्ड के अनुसार मेरा सही नाम ब्रजेन्द्र कुमार है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **ब्रजेन्द्र कुमार** पुत्र वीरबहादुर सिंह, ग्राम व पोस्ट भिंगारी बाजार, तहसील भाटपाररानी, जिला देवरिया।

सूचना-सूचित किया जाता है कि बजाज लाइफ इ. लि. के पॉलिसी संख्या -0233037762 मे मेरा नाम AMIRULLAH S/O HANIF हो गया है, जबकि आधारकार्ड, पैनकार्ड के अनुसार, मेरा सही नाम AMIRULLAH ALI ANSARI S/O MUHAMMAD HANIF है, मुझे इसी नाम से जाना जायें, **अमिरुल्लाह अली अंसारी** पुत्र मुहम्मद हनीफ ग्राम -विशुनपुरा पोस्ट -दानदोपुर जनपद -कुशीनगर (उ. प्र.) 274304.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD AZAM से बदलकर MOHAMMAD AZAM SIDDIQUI रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **MOHAMMAD AZAM SIDDIQUI** S/O MOHAMMAD ASALAM ग्राम और पोस्ट पौली थाना धनघटा , जनपद संत कबीरनगर 272162

अदालती नोटिस

(बदस्त अवाम फरोख्त के लिए)
इत्तिलानामा बनाम रेस्पान्डेन्ट बावत इत्तिला
(तारीख मुकर्रर समाअत अपील)
बअदालत-अपर आयुक्त (न्यायिक) प्रथम, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर
अपील सं. C-202505000001806
कृष्णमुरारी बनाम रणजीत आदि

बनाम-1. रणजीत पुत्र स्व. रामबिहारी निवासी मौजा-हरिहर सियर खुर्द हाल पता डिहुलापार, तप्पा नर्रे, परगना धुरियापार, तहसील बांसगाव, जनपद-गोरखपुर। **प्रतिवादी प्रथम पक्ष,** 2. विद्यासागर, 3. दयाशंकर, 4. सुरेश, 5. विजय प्रताप पुत्रगण रामबिहारी, निवासीगण मौजा-डिहुलापार, तप्पा नर्रे, परगना धुरियापार, तहसील बांसगाव, जनपद-गोरखपुर। **प्रतिवादीगण द्वितीय पक्ष,** 6. सत्यम ना. शिवम ना. पुत्रगण सुरेन्द्र प्रसाद, संरक्षिका माता रीना देवी, 8. श्रीमती रीना देवी पत्नी सुरेन्द्र प्रसाद, निवासीगण मौजा- पता डिहुलापार, तप्पा नर्रे, परगना धुरियापार, तहसील बांसगाव, जनपद-गोरखपुर। **प्रतिवादीगण तृतीय पक्ष,** 9. 10. नवनाथ, 11. शेषनाथ पुत्रगण रामनरेश, 12. सुभावती देवी पत्नी घरभरन, निवासीगण मौजा- डिहुलापार, तप्पा नर्रे, परगना धुरियापार, तहसील बांसगाव, जनपद-गोरखपुर। **प्रतिवादीगण चतुर्थ पक्ष,** 13. ग्राम पंचायत डिहुलापार, तप्पा नर्रे, परगना धुरियापार, तहसील बांसगाव, जनपद-गोरखपुर, जरिये ग्राम प्रधान।

प्रतिवादी पंचम पक्ष,

इत्तिला हो कि अपील बनराजी डिगरी इस मुकदमे में मुसम्मी ने तारीख 19 महीना 11 सन् 2026ई. को समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर खुद आपके वकील या और कोई सख्श जो कानूनन आपकी तरफ से अपीलहाजा सवाल जवाब करने की मरजी रखता हो हाजिर न हो जायेगा तो उसकी समाअत और तजबीज आपकी गैरहाजिरी में एकतरफा की जायेगी।

आज तारीख 05 महीना 11 सन् 2026ई. को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के हवाले किया गया।

ह. अपर आयुक्त (न्यायिक), प्रथम गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर

सूचना-मैं अजय कुमार शर्मा पुत्र स्व. विश्वनाथ शर्मा, ग्राम-कौवाडील, पोस्ट-समयथान भीटी, तहसील-गोला, जिला-गोरखपुर। मेरे पुत्र चतुर्भुज शर्मा के हाईस्कूल के मार्कशीट में पिता का नाम त्रुटिवश अजय शर्मा दर्ज है। जबकि आधार कार्ड पैनकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में पिता का नाम अजय कुमार शर्मा दर्ज है जो कि सही व सत्य है।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कल परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 2583680 एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2017 अनुक्रमांक 1865403 का प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **जयप्रकाश निषाद** पुत्र महाजन निषाद, ग्राम-परसोतिमा, पो.-इन्दूपुर, गौरीबाजार, देवरिया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मुकेश का चाल-चलन ठीक नहीं है और न ही वह घर पर रहते हैं। मैं अपने पुत्र मुकेश को अपनी सम्पूर्ण चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं तथा उनके किसी भी प्रकार के कृत्य/आपराधिक कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। परिवार का इससे कोई लेना-देना नहीं है। **सहेश** पुत्र रामदास, ग्राम-छितौना, पोस्ट-बरांव, थाना-बेलघाट, जनपद-गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अब्दुल कमाल (ABDUL KAMAL) बदलकर अब्दुल कमाल अब्दुल अजीज खान (ABDUL KAMAL ABDUL AJIJ KHAN) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अब्दुल कमाल अब्दुल अजीज खान** पुत्र श्री अब्दुल अजीज निवासी ग्राम सेमरा पोस्ट व थाना इटवा जिला सिद्धार्थनगर 272192

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सूरज कुमार गुप्ता से बदल कर सूरज गुप्ता (SURAJ GUPTA) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **सूरज गुप्ता** पुत्र ज्ञानचंद गुप्ता, मो.-दलसिंगार, पोस्ट-सदर, थाना-कोतवाली, जनपद-आजमगढ़ (उ.प्र.)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने छोटे पुत्र शिवमनन्द के आचरण से दुखी होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कृत्य अथवा लेनदेन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **ओमप्रकाश** पुत्र स्व. हरिशंकर प्रसाद, मकान नं.-106ओ. तारानगरी, सेमरा नं.-2, मुगलहा, थाना-गुलरिहा, जिला-गोरखपुर (उ.प्र.)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम IZHAR HUSAIN S/O SERAJUDDIN से बदलकर IZHAR HUSSAIN SIRAJUDDIN SAMANI S/O SIRAJUDDIN लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **IZHAR HUSSAIN SIRAJUDDIN SAMANI** S/O SIRAJUDDIN निवासी ग्राम परसिया पोस्ट बनेथू थाना बेलहर कला, जनपद संतकबीरनगर 272152

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा डीएलएड परीक्षा वर्ष 2017- 19 अनुक्रमांक 19415400376 का प्रमाण पत्र खो गया है। **अतुल मणि त्रिपाठी** पुत्र त्रिवेणी मणि त्रिपाठी, ग्राम भवानी छापर बहादुरपुर पोस्ट बड़हरा जिला देवरिया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम सेराज अहमद से बदल कर सेराज अंसारी रख लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **सेराज अंसारी** पुत्र आजम अहमद, ग्राम पथरवा, पोस्ट तरया सुजान, जिला कुशीनगर, 274409.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम रोहित गुप्ता से बदल कर रोहित कुमार रख लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **रोहित कुमार** पुत्र पारस गुप्ता, ग्राम पडरौन भदुरही, पोस्ट दुदही, जिला कुशीनगर, 274302.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कल परीक्षा वर्ष 2005 अनुक्रमांक 1165321 का मूल प्रमाणपत्र एवं अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **साईमा खातून** पुत्री फरीदुद्दीन अंसारी, 555-पुराना गोरखपुर, गोरखनाथ, गोरखपुर (उ.प्र.) गोरखपुर (उ.प्र.)-273015

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम VASIULLAH से बदलकर VASIULLAH ANSARI रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **VASIULLAH ANSARI** S/O ISIMDAR निवासी ग्राम टेटार उर्फ केकरघटा पोस्ट महुली, थाना महुली सन्तकबीरनगर 272172

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम किरन बाला श्रीवास्तव से बदल कर किरन रख लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **किरन** पत्नी सतीश श्रीवास्तव, निवासी - 49जी, वार्ड नं 3, गोडहवा, निचलौल, जिला महराजगंज, 273004.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अयमान खान के विद्यालय के अभिलेख में पिता का नाम आरिफ खान दर्ज है जबकि पिता का सही नाम मोहम्मद आरिफ खान है। **मोहम्मद आरिफ खान** पुत्र नवी मोहम्मद, ग्राम-जंगल बहादुर अली, पोस्ट-मोहरीपुर, जिला-गोरखपुर (उ.प्र.)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री रैना सिंह के व्यवहार से दुखी होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कृत्य अथवा लेनदेन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **अनिल कुमार सिंह** पुत्र स्व. शिवपूजन सिंह, ग्राम-लक्ष्मीपुर, पोस्ट व पता-झंगहा, जिला-गोरखपुर (उ.प्र.)।

यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

(1) रेलवे ट्रैक, स्टेशन एवं समपार फाटको गेटो के आस-पास भीड़ एकत्रित न करें, यह खतरनाक हो सकता है।

(2) एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए पैदल उपरिगामी पुल/लिफ्ट/एस्केलेटर का उपयोग करें।

(3) रेलगाड़ी के डिब्बों में स्टोव जलाना, आतिशबाजी का सामान, बारूद से बनी वस्तुएँ, गैस सिलिण्डर, तेजाब, फिल्म, मिट्टी का तेल एवं पेट्रोल जैसे अन्य ज्वलनशील वस्तुओं को साथ लेकर यात्रा न करें। यह खतरनाक हो सकता है। यह भारतीय रेल अधिनियम 1989 के अनुच्छेद 164 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

(4) यात्री यदि इस प्रकार के ज्वलनशील एवं विस्फोटक वस्तुओं को गाड़ी अथवा स्टेशन प्लेटफार्म पर देखें तो तुरन्त इसकी सूचना गार्ड/टीटीई, स्टेशन मास्टर, रेलवे पुलिस या रेलवे सुरक्षा बल को दें, इसी में आपकी एवं सभी यात्रियों की सुरक्षा है।

(5) टिकट चेकिंग स्टाफ यदि किसी यात्री को ऐसे ज्वलनशील एवं खतरनाक विस्फोटक वस्तुओं के साथ यात्रा करते हुए पाते हैं, तो उन्हें उतरवा कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर सकते हैं।

(6) गाड़ी के छत एवं पायदान पर यात्रा न करें, यह जानलेवा एवं दण्डनीय है।

(7) सड़क उपरिगामी पुल/अण्डरपास से होकर रेलवे लाइन पार करे।

पूर्वोत्तर रेलवे
मुजाधि/संरक्षा-02
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

nerailwaygkp nerailwaygkp nerailwaygkp
@n.e.railwaygkp www.ner.indianrailways.gov.in

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी :	सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज :	३, लीडर रोड
कानपुर :	बांसमण्डी
लखनऊ :	१, जापलिंग रोड
आगरा :	महात्मा गांधी रोड
बरेली :	रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना :	फ्रेजर रोड
रांची :	नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर :	कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-aj_gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक